आध्यात्मिक नेता के हैदराबाद में प्रवेश पर छह महीने का प्रतिबंध

हैदराबाद, 11 जुलाई (ए)। अपनी प्रस्तावित धर्माग्रह यात्रा से पहले यहां नजरबंद रखे गये एक आध्यात्मिक को उनके कथित उकसावे वाले बयानों के कारण छह महीने के लिए शहर से निर्वासित कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि काकीनाडा की श्री पीठम के स्वामी परिपूर्णानंद को तेलंगाना के समाज- विरोधी और खतरनाक क्रियाकलाप रोकथाम कानून के तहत अगले छह महीने के लिए हैदराबाद शहर से निर्वासित कर दिया गया है। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त अंजनी कुमार ने 'पीटीआई भाषा' को बताया, '' हां ... उन्हें छह महीने के लिए हैदराबाद शहर से निर्वासित कर दिया गया है। स्वामी को उनकी पदयात्रा से पहले नौ जुलाई को यहां जुबली हिल्स में एक रियल स्टेट कंपनी के स्वामित्व वाले घर में नजरबंद कर लिया गया था। ऐसा हालिया बयानों और सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया पर हिन्दू देवी - देवताओं के खिलाफ अभियानों के विरुद्ध उनकी पदयात्रा से पहले किया गया। निर्वासन कार्रवाई के तहत स्वामी को शहर से बाहर कर दिया गया। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि राज्य के विभिन्न कार्यक्रमों और बैठकों में दिये गये उनके कथित उत्तेजक वक्तव्यों पर आदेश जारी किया गया। स्वामी परिपूर्णानंद ने हाल ही में तेलगू अभिनेता और फिल्म समीक्षक काति महेश के हिन्दू देवी - देवताओं के खिलाफ कथित बयानों को लेकर उनकी गिरफ्तार की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि काति ने हिन्दुओं की भावनाओं को ' आहत ' किया है।

बुराड़ी में 11 लोगों की मौत की गुत्थी सुलझी, तांत्रिक के कहने पर लगाया था फंदा !

नई दिल्ली, 11 जुलाई (ए)। 11 दिन पहले देश को हिला देने वाला बुराड़ी में 11 लोगों की आत्महत्या के मामले में रोज रोज नई अफवाहे जुड़ रही हैं। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है और मौत के पीछे की सच्चाई को तलाशने में जी-जान से जुटी है। फिलहाल इस मामले में अब एक नया मोड़ आया है, पुलिस को एक नई चिट्ठी मिली है और इस चिट्ठी ने एक बार फिर से सनसनी पैदा कर दी है। चिट्ठी लिखने वाले ने दावा किया है कि वह परिवार को जानता है और उसने परिवार के लोगों को कराला के एक तांत्रिक के पास आते-जाते देखा था। इस बारे में जब क्राइम ब्रांच संयुक्त आयुक्त आलोक कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि क्राइम ब्रांच को ऐसा कोई पत्र नहीं मिला है, न ही जांच में किसी तांत्रिक का नाम सामने आया है। खुद को आदर्श नागरिक बताते हुए खत लिखने वाले ने बुराड़ी कांड के पीछे कराला के एक तांत्रिक का सीधा हाथ बताया है। वहीं, मंगलवार को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और फोरेंसिक टीम ने मकान में जाकर जांच की।

केरल में मिस्ड कॉल स्कैम, +591 कोड पर कॉल बैक करते ही होगा नुकसान

भूवनेश्वर, 11 जुलाई (ए)। लीजिए अब सामने आया है मिस्ड कॉल का स्कैम। जी हाँ, केरल में आजकल मिस्ड कॉल स्कैम चल रहा है जिसमें एक खास नंबर से आने वाली मिस्ड कॉल पर जैसे ही कॉल बैक की जाती है तो लोगों के 16 रुपए कट जाते हैं। राज्य में इन्हें लुटेरी कॉल्स कहा जा रहा है और इसका शिकार सिर्फ आम नागरिक ही नहीं बल्कि अधिकारी और पुलिस वाले भी हो रहे हैं। केरल पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से बताया गया है कि यह मिस्ड कॉल इंटरनेशनल नंबरों से आ रहे हैं। जिन नंबरों से ये मिस्ड कॉल आ रहे हैं उनके आगे +591 कोड लगा होता है जोकि बोलिविया का है। जैसे ही इस कोड के नंबरों से आई कॉल्स पर कॉल बैक की जाती है, 16 रुपए प्रति मिनट की दर से पैसे कट जाते हैं। केरल पुलिस ने लोगों को इन लुटेरी कॉल्स से सावधान रहने को कहा है। पुलिस ने अपनी एक फेसबुक पोस्ट में कहा है कि हमें लगातार शिकायत मिल रही है कि लोगों को बोलिविया के नंबर्स से मिस्ड कॉल्स आ रहे हैं और उनके पैसे कट रहे हैं। इसलिए अगर आपको +591 से शुरू होने वाले नंबरों से मिस्ड कॉल आए तो इन नंबरों पर कॉल बैक नहीं करें। बताया जा रहा है कि पुलिस ने बोलिविया के उन टेलीकॉम ऑपरेटरों का पता लगा लिया है जिनसे यह कॉल्स आ रहे हैं लेकिन ये ऑपरेटर पुलिस के साथ जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और उन्हें अपने ग्राहकों की जानकारी देने को तैयार नहीं हैं।

नीतीश के साथ नाश्ते और रात्रि भोज पर रणनीति बनाएंगे अमित शाह

पटना, 11 जुलाई (ए)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह आगामी 12 जुलाई को पटना आने के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ सुबह का जलपान और रात्रिभोज करेंगे। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि चुनावी रणनीति को लेकर भी चर्चा हो सकती है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नित्यानंद राय ने बताया कि शाह आगामी 12 जुलाई को सुबह 10 बजे पटना के लोकनायक जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे जहाँ बिहार भाजपा नेता उनकी अगवानी करेंगे। राय ने बताया कि शाह के पटना पहुँचने के बाद वह राजकीय अतिथिशाला जायेंगे जहाँ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ सुबह का जलपान करेंगे। उन्होंने बताया कि शाह 11.30 बजे से 12.30 बजे तक बापू सभागार में आयोजित पार्टी की सोशल मीडिया इकाई की बैठक में भाग लेंगे। फिर ज्ञान भवन में 12.45 बजे से 1.45 बजे दोपहर तक विस्तारकों की बैठक में भाग लेंगे और वहीं दोपहर का भोजन करेंगे।

दिल्ली में मध्यान्ह भोजन खाने से 25 छात्र बीमार, अस्पताल में कराया गया भर्ती

नई दिल्ली11 जुलाई (ए)। दिल्ली के नरेला क्षेत्र में विद्यालय में मध्याह्न भोजन खाने के बाद 25 से अधिक छात्रों को अस्पताल ले जाया गया। यह जानकारी अस्पताल प्रशासन ने दी है। वहीं दिल्ली पुलिस ने बताया कि पीसीआर पर कॉल आई थी, जिसमें कहा गया था कि खाने में छिपकली गिर गई थी। शायद वह खाना खाने से बच?चों की अचानक तबियत खराब हो गई।

सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को लगाई फटकार, कहा- ताजमहल को संरक्षण दो या बंद करो या ध्वस्त कर दो

नई दिल्ली, 11 जुलाई (ए)। ताजमहल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर जमकर फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा, ताज को सरंक्षण दो या बंद कर दो या ध्वस्त कर दो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफ़िल टॉवर को देखने 80 मिलियन लोग आते है, जबकि ताजमहल के लिए मिलियन। आप लोग ताजमहल को लेकर गंभीर नहीं है और न ही आपको इसकी परवाह है। हमारा ताज ज्यादा खूबसूरत है और आप टूरिस्ट को लेकर गंभीर नहीं है। ये देश का नुकसान है, ताजमहल को लेकर घोर उदासीनता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर ध्यान रखा जाता तो हमारी विदेशी मुद्रा की दिक्कत दूर हो जाती। सुप्रीम कोर्ट ने फिर सवाल उठाया कि टीटीजेड (ताज ट्रैपेज़ियम जोन) एरिया में उद्योग लगाने के लिए लोग आवेदन कर रहे है और उनके आवेदन पर विचार हो रहा है। ये आदेशों का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा पीएचडी चेंबर्स को कहा है कि जो इंड्रस्टी चल रही है उसको क्यों ना आप खुद बंद करें। तब टीटीजेड की तरफ से कहा गया कि वो अब टीटीजेड में कोई नई फैक्ट्री खोलने आई इजाजत नहीं देंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि टीटीजेड ने कुछ नई फैक्ट्रियों के आवेदन पर विचार कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने टीटीजेड के चेयरमैन को नॉटिस जारी किया। टीटीजेड के प्रमुख को सुप्रीम कोर्ट में

तलब किया। वहीं केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि एमओईएफ ने एक कमिटी का गठन किया है, जो ये देखेगी प्रदूषण को देखेगी कि ताजमहल कितना और किन वजहों से प्रदूषित हुआ है। केंद्र सरकार ने ये भी कहा कि ताजमहल के आस पास के इलाकों का भी मुआयना करेगी प्रदूषण को लेकर। कमेटी की रिपोर्ट 4 महीने के भीतर आ जाएगी इसके बाद ये तय किया जाएगा कि क्या किसी विदेशी एक्सपर्ट को कमिटी में शामिल करने की जरूरत है या नहीं। टिप्पणियां 9 मई को सुप्रीम कोर्ट ने एएसआईको फटकार लगाई थी। ताजमहल के रंग बदलने को लेकर एएसआई ने काई और गंदी जुराबों को जिम्मेदार ठहराया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 1996 में पहली बार ताजमहल को लेकर आदेश जारी किया लेकिन 22 साल बाद भी कुछ नहीं हुआ। एएसआई के ये कहने कि ताजमहल को काई और कीड़े -मकोड़े (इंसेक्ट) से हो रहा है नुकसान, पर सुप्रीम कोर्ट नाराज हुआ। एएसआई ने कहा कि ताजमहल पर काई उड़कर जमा हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई को फटकार लगते हुए पूछा कि ताजमहल को काई व कीड़ा-मकोड़े (इंसेक्ट) कैसे नुकसान पहुंचा सकते है। कोर्ट ने कहा कि एएसआई समझना नहीं चाहता कि ताजमहल में समस्या है कोर्ट ने कहा कि क्या काई के पास पंख होते है जो उड़कर ताज़महल पर जा कर बैठ जाती है। कोर्ट ने,स्ढ़ को कहा कि इसका मतलब है कि उनके पास पंख है जिससे वो उड़ कर चले जाते है। अगर एएसआईका यही स्टैंड है कोर्ट में तो केंद्र सरकार को ताजमहल के रखरखाव के लिए किसी दूसरे विकल्प का तलाश करना होगा। एएसआई ने कहा कि लोग जो जुराब पहनकर आते हैं वो भी कई बार गंदी होती हैं कि फर्श खराब होते हैं। एएसजी तुषार ने कहा कि विदेशों में कई जगहों पर डिस्पाजेबल जुराबें दी जाती हैं। याचिकाकर्ता एमसी मेहता ने कहा कि यमुना में पानी गंदा है। पहले मछलियां होती थी जो काई को खाती थीं। सरकार बैराज बना रही हैं जिसके कारण यमुना में पानी कम है केंद्र सरकार को चार हफ्ते में जवाब देने को कहा गया कि केंद्र यमुना पर कितने बैराज बना रही है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार को जुलाई में ताजमहल को सदियों तक सुरक्षित

मूर्तिकारों को भूमि आवंटित करने के लिए बनी नीति

नयी दिल्ली, 11 जुलाई (ए)। आप सरकार ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि दुर्गा पूजा , दशहरा और अन्य त्योहारों के समय मूर्ति और पुतले बनाने के वास्ते राष्ट्रीय राजधानी आने वाले मूर्तिकारों को अस्थायी जगह उपलब्ध कराने के लिए एक मसौदा नीति तैयार की गयी है और उसे मंजूरी प्रदान की गयी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ के समक्ष यह नीति प्रस्तुत की गयी। पीठ ने सरकार और संबंधित नगर निगमों के अस्थायी स्थानों की पहचान करने और उन्हें अधिसूचित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा अदालत ने नगर निगमों के मूर्तिकारों के काम के लिए चिह्नित किये गए स्थानों पर जल, शौचालय और बिजली जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। पीठ अब इस मामले पर 20 जुलाई को आगे की सुनवाई करेगी। इस नीति के अनुसार मूर्तिकारों को काम शुरू कराने से दो माह पहले निगमों में पंजीयन कराना होगा।

जॉर्ज फर्नांडिस पर फिल्म बनाने की घोषणा, परिवार ने जताई आपत्ति



मुंबई, 11 जुलाई (ए)। देश के पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस के परिवार ने उनके ऊपर फिल्म बनाए जाने को लेकर आपत्ति जताई है। शिवसेना सांसद संजय राउत को दिए गए खत में लीला फर्नांडिस ने शिकायत की है कि उनसे या उनके बेटे से इस बारे में सलाह नहीं ली गई थी। उन्होंने आशंका जताई कि फिल्म में तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया जा सकता है। उन्होंने लिखा है, हमारा परिवार जॉर्ज फर्नांडिस को सम्मान दिए जाने के लिए आपकी कोशिशों की सराहना करता है लेकिन फिल्म में दिखाए गए तथ्यों को लेकर हमें चिंता है क्योंकि उन्हें जनता के बीच में गलत समझा जाता था, खासकर उनके सार्वजनिक जीवन के आखिरी चरण में। उन्होंने लिखा है कि जॉर्ज शिवसेना के इस कदम पर प्रक्रिया देने की स्थिति में नहीं हैं।

बिना इजाजत न हो काम : उनको और उनके बेटे को लगता है कि फिल्म की घोषणा करने से पहले उनसे चर्चा करनी चाहिए थी। उन्होंने लिखा है कि सामान्य शिष्टाचार कहता है कि ऐसी चीजें करने से पहले व्यक्ति के परिवार से चर्चा करनी चाहिए और औपचारिक अनुमति लेनी चाहिए। उन्होंने अपील की है कि बायॉपिक पर उनकी लिखित इजाजत के बिना कोई काम न किया जाए।

राउत ने कहा, नहीं चाहिए इजाजत : लीला ने यह पत्र 26 जून को भेजा था। उधर, राउत का कहना है जब वह छोटे थे, तब शिवसेना अध्यक्ष बाल ठाकरे और फर्नांडिस दो ही नेता थे जिन्होंने उन्हें प्रभावित किया था। राउत ने कहा है कि वह परिवार से बात करेंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि जॉर्ज के बारे में जानकारियां सार्वजनिक हैं और उन्हें फिल्म बनाने के लिए किसी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं है।

ईरान ने चाबहार को लेकर दी भारत को धमकी

तेहरान, 11 जुलाई (ए)। ईरान ने चाबहार बंदरगाह परियोजना पर वादे के मुताबिक निवेश न करने पर भारत को धमकी दी है कि अगर भारत, ईरान से तेल आयात कम करता है और सऊदी अरब, ईराक, रूस और अमरीका जैसे देशों से तेल खरीदने की कोशिश करता है, तो वो खुद को मिलने वाला विशेष लाभ खो सकता है। ईरान के उपराजदूत मसूद रेजवानियन राहाघी ने एक सैमीनार में कहा, ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत चाबहार बंदरगाह के विस्तार के लिए किए गए निवेश के वादे को पूरा नहीं कर रहा है। अमरीका की तरफ से लगाए गए प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए राहाघी ने कहा कि उनका देश तेल के क्षेत्र में हमेशा से भारत का भरोसेमंद सहयोगी रहा है। ईरान ने हमेशा ही भारत को उचित कीमतों पर तेल बेचा है, ताकि दोनों देशों के हित सुनिश्चित रहें। राहाघी ने इस मामले में भारत को सोच-समझकर कदम उठाने की नसीहत भी दी।बता दें कि पिछले महीने ही अमरीका ने भारत समेत कुछ और सहयोगी देशों को चेतावनी दी थी कि वे 4 नवंबर तक ईरान से तेल का आयात बंद कर दें।

सरकारी कार्यालय पर आतंकवादी हमले में 2 लोगों की मौत

जलालाबाद 11 जुलाई (ए)। अफगानिस्तान के अशांत पूर्वी क्षेत्र में आज बंदूकधारियों ने शिक्षा विभाग के एक परिसर पर हमला किया , जिसमें कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी। हालांकि सुरक्षा बलों ने इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। यह हमला देश में सरकारी इमारतों को निशाना बनाकर जारी आतंकी हमलों में से एक है। नंगरहार प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता अताउल्ला खोग्यानी ने एएफपी को बताया कि जलालाबाद शहर पर दूसरी बार हुए इस आतंकवादी हमले में पांच अन्य जख्मी हुए हैं। कई कर्मचारी अब तक इमारत में फंसे हुए हैं। सुरक्षा बल परिसर से आतंकवादियों को खदेडने और कर्मचारियों को वहां से सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास कर रहे हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि कितने हमलावर या कर्मचारी परिसर के अंदर मौजूद हैं।

इस माह लगेगा सदी का सबसे लंबा चन्द्र ग्रहण, दिखेगा 'ब्लड मून'

यूएई, 11 जुलाई (ए)। इस सदी का सबसे लंबा चन्द्र ग्रहण 27 जुलाई को लगने वाला है। ग्रहण के दौरान चन्द्रमा करीब 4 घंटे के लिए धरती की छाया में आ जाएगा। इस ग्रहण को दुबई व कम से कम तीन महाद्वीपों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। दुबई एस्ट्रोनॉमी ग्रुप के अनुसार यह ग्रहण सदी का सबसे लंबा ग्रहण होगा जो करीब 1 घंटे 43 मिनट का होगा। इस चंद्र ग्रहण को वैज्ञानिक ने 'ब्लड मून' का नाम दिया है। इस दौरान चंद्रमा खुबसूरत लाल या भूरे रंग का दिखाई देगा। ब्लड मून पूर्ण चन्द्र ग्रहण के दौरान बनने वाले चन्द्रमा के 'रिंग' को कहते हैं। आंशिक चन्द्र ग्रहण 2 घंटे 12 मिनट (22.24 से देर रात 2.19) जबकि पूर्ण चन्द्र ग्रहण 1 घंटे 43 मिनट (रात 23.30 से देर रात 1.13) का होगा। इस चंद्र ग्रहण का नजारा भारत, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अमरीका, अफ्रीका और



पश्चिम एशिया में देखा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने इस बारे में कहा कि ये चंद्र ग्रहण ब्रिटेन के समय के अनुसार 9.22 मिनट पर तेजी से चमकेगा। चंद्र ग्रहण होने के बावजूद इस बार चांद काला नहीं बल्कि, तांबे के रंग जैसा नारंगी या गहरा लाल दिखाई देगा। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि सूर्य और चांद के बीच में पृथ्वी आ जाती है, जिस वजह से चांद पर पूरा प्रकाश नहीं पहुंच पाता है। पूर्ण चंद्र ग्रहण के दौरान सूरज और चांद के बीच पृथ्वी आ जाती है। इससे चांद पर पूरी रोशनी नहीं पड़ती है। ऐसे में वायुमंडल से होते हुए कुछ रोशनी चांद पर पड़ती है। सूर्य की रोशनी चांद पर पड़ने से वह हल्का लाल हो जाता है। जब चांद पृथ्वी के ठीक पीछे पहुंचता है तो उसका रंग और गहरा हो जाता है। सूर्य ग्रहण की तरह चंद्र ग्रहण देखने के लिए किसी खास उपकरण की जरूरत नहीं होती है। चंद्र ग्रहण का नजरा खुली

जापान में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फंसे विस्थापितों से मिलेंगे शिंजो आबे

कुराशिकी, 11 जुलाई (ए)। जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे पिछले दिनों हुई भारी बारिश के चलते आई बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए इलाकों में से एक का आज दौरा करेंगे। बाढ़ में मरने वालों की संख्या 179 पर पहुंच गई है और हजारों विस्थापित अब भी शिविरों में फंसे हुए हैं। स्थिति बिगड़ती हुई देख आबे ने इस हफ्ते नियोजित अपनी विदेश यात्रा रद्द कर दी। वह बाढ़ से उजड़ गए ओकायाम इलाके का दौरा कर वहां हुए नुकसान का आंखों देखा हाल जानेंगे।

खबरों के मुताबिक बड़ी संख्या में लोग अब भी लापता हैं। जापान में पिछले तीन दशकों में मौसम के कारण आई इस सबसे बड़ी आपदा में मृतकों की संख्या और बढ़ने का अंदेशा जताया जा रहा है। बचाव कर्मी अब भी लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं लेकिन धीरे - धीरे किसी के भी जीवित बचे होने की उम्मीदें धुंधली पड़ती जा रही हैं। आबे माबी

जिले में हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए जाएंगे और विस्थापितों एवं स्थानीय अधिकारियों की जरूरतों पर चर्चा करने के लिए उनसे मुलाकात करेंगे।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि मध्य एवं पश्चिमी जापान के बड़े हिस्सों में करीब 10,000 लोग अब भी शिविरों में मौजूद हैं। इनमें से कुछ लोग ओकायामा के कुराशिकी प्रांत के एक स्कूल में भी फंसे हुए हैं। करीब 300 लोगों ने ओकादा एलिमेंट्री स्कूल में रात बिताई जिनमें से कई स्कूल के जिम में बिछी चटाइयों पर सोए।

बाढ़ का कम होता हुआ पानी अब अपने पीछे बस बर्बादी का मंजर छोड़ रहा है। वहीं बारिश भले ही कुछ कम हुई हो लेकिन बाढ़ की नई चेतावनी आज फिर भी जारी की गई है। हिरोशिमा के फुकुयामा प्रांत में लोगों को इलाका खाली करने का आदेश दिया गया है। आशंका जताई गई है कि छोटी सी झील के किनारे

जाकिर नाईक के मुद्दे पर बोले मलयेशिया के पीएम, आसानी से नहीं मानेंगे भारत की बात

कुआलालम्पुर, एजेंसी। मलेशिया के प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने कहा कि विवादित मुस्लिम उपदेशक जाकिर नाईक को प्रत्र्यपित करने संबंधी भारत की मांग को उनकी सरकारी आसानी से नहीं मानेगी। नाईक कथित रूप से आंतकवादी गतिविधियों और धन शोधन के मामले में भारत को वांछित है। न्यू स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार , नाईक से मिलने के तीन दिन बाद मलेशिया के प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी मांग को सुनने से पहले सभी पहलुओं पर विचार किया जाए। नाईक से शनिवार को हुई मुलाकात के बाद पहली सार्वजनिक टिप्पणी में महातिर ने कहा कि हम दूसरों की मांग आसानी से नहीं मानते हैं। मलेशिया के स्थाई निवासी का दर्जा प्राप्त नाईक को प्रत्र्यिपत करने संबंधी भारत की मांग से जुड़े सवालों पर महातिर ने कहा , किसी भी मांग को मानने से पहले उनकी सरकार सभी पहलुओं पर गौर करेगी।

गुफा में फंसे युवा खिलाड़ियों का घटा वजन, लेकिन सेहत बेहतर

मे साई, 11 जुलाई (ए)। दो हफ्ते से भी ज्यादा समय तक पानी से भरी गुफा में फंसे रहे सॉकर टीम के बच्चों का इस दौरान वजन तो घटा है लेकिन उनकी सेहत अच्छी है। लोक स्वास्थ्य निरीक्षक थांगचाई लेर्टविलाईरतानापांग ने बुधवार को कहा कि बीते तीन दिन में 12 बच्चों और उनके कोच को बचाया गया, उन सभी ने गुफा में रहने के दौरान अपना अच्छी तरह से ध्यान रखा। मंगलवार शाम चार बच्चों और उनके कोच को अस्पताल में लाया गया था। उनमें से एक को फेफड़ों में थोड़ा संक्रमण है। दो और बच्चों को फेफड़ों में संक्रमण है और उन्हें सात दिन तक दवाएं लेनी होंगी। बच्चों और उनके कोच के गुफा से सुरक्षित बाहर आने से पूरे थाईलैंड में खुशी की लहर है। 18 दिन तक गुफा में फंसे रहने के बाद चार बच्चों और उनके कोच के अंतिम समूह के बाहर आने के साथ ही यह बचाव अभियान मंगलवार को समाप्त हुआ। यह अभियान थाई मीडिया , अखबारों में छाया रहा। दी नेशन ने लिखा, हुईया ! अभियान पूरा हुआ। बच्चे और उनके कोच चियांग राय अस्पताल में भर्ती हैं। आज सैकड़ों स्कूली बच्चे अस्पताल के बाहर एकत्रित हुए। बच्चों ने एक सुर में कहा, अभियान को सफल बनाने में मदद देने वाले सभी लोगों का आभार।

68 सेकेंड में 50 तीखी मिर्ची खाकर जीती प्रतियोगिता

हुनान, 11 जुलाई (ए)। चीन का हुनान प्रांत मसालेदार चीजों के प्रति लोगों की पसंद के लिए जाना जाता है। यहां 9 जुलाई को मिर्ची खाने की एक प्रतियोगिता रखी गई। मिर्ची भी मेक्सिको वाली थी। इस खास किस्म की मिर्ची को टबैस्को पेपर के नाम से जाना जाता है, जिससे मशहूर टबैस्को सॉस भी बनाया जाता है। प्रतियोगिता में टैंग शुआइहुई नामक शख्स 68 सेकेंड में 50 तीखी मिर्ची खाकर 24 कैरेट सोने का 3 ग्राम का सिक्का जीत लिया। हुनांन में यह प्रतियोगिता पिछले वर्ष भी आयोजित की गई थी लेकिन इस बार ज्यादा लोग पहुंचे थे। प्रतियोगिता डॉक्टरों की निगरानी में आयोजित की गई और प्रतियोगियों को प्लेट भर-भरकर टबैस्को मिर्ची दी गई थीं। हर प्रतियोगी को मुंह जलाने वाली 50-50 टबैस्को मिर्च दी गई थीं लेकिन 9 अन्य प्रतियोगियों में शामिल शुआइहुई ने जीत दर्ज की। प्रतिगिता के दौरान सभी प्रतियोगियों को पानी से भरे एक पूल में बैठाया गया था। पूल में मिर्चियां भी तैर रही थी लेकिन वे उतनी कड़वी नहीं थीं जितनी कड़वी मिर्चियां उन्हें उनकी प्लेट में दी गई थीं। टबैस्को पेपर मिर्ची मेक्सिको में उगाई जाती है।

ब्रिटेन रॉयल एयरफोर्स के 100 साल पूरे, क्वीन एलिजाबेथ ने देखे विमानों के करतब

लंदन, 11 जुलाई (ए)। मंगलवार 10 जुलाई को ब्रिटेन का शाही हवाई दस्ता 100 साल का हो गया। दस्ते की शताब्दी दौरान आयोजित कार्यक्रम दौरान अलग-अलग दौर के 100 से ज्यादा जेट, हेलिकॉप्टर और हवाई जहाजों ने उड़ान भरी। क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय ने शाही बालकनी से फ्लाईपास्ट की सलामी ली। इस मौके पर प्रिंस चार्ल्स और उनकी पत्नी कैमिला पार्कर बाउल्स, प्रिंस विलियम-केट मिडलटन और प्रिंस हैरी-मेगन

मर्केल मौजूद थे। करीब 70 हजार लोगों ने विमानों के करतब देखे। शाही वायु सेना के इस हवाई मार्च में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए गए स्पिटफायर और लेंकास्टर बॉम्बर जैसे विमानों ने भी करतब दिखाए। वहीं अत्याधुनिक स्टील्थ फाइटर एफ-35 ने पहली बार सार्वजनिक उपस्थिति दर्ज कराई। प्यूमा, चिनूक, जूनो और जुपिटर हेलिकॉप्टर भी हवाई मार्च में शामिल हुए। इस हवाई मार्च में कुल 22 जेट शामिल किए गए थे। एलिजाबेथ ने अपनी स्पीच में कहा, मुझे ब्रिटेन की जंग (बैटल ऑफ ब्रिटेन) याद है। हम कभी भी उस साहस और कुर्बानी को भूल नहीं पाएंगे। मेरे पिता जॉर्ज शाही परिवार के पहले सदस्य थे जिन्होंने शाही हवाई दस्ते के पायलट के लिए क्वालिफाई किया। शाही परिवार के सदस्यों ने रॉयल एयरफोर्स के पूर्व सदस्यों और उनके परिवारों से भी मुलाकात की। फ्लाईपास्ट देखने के लिए माल्टा से अपने भाई और पिता के साथ आईं डायना नाम की महिला ने कहा कि ये काफी शानदार था।